'बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने को लेकर अधिकारी पूरी तरह गंभीर रहें'

प्रभारी सचिव व जिला कलेक्टर उर्मिला राजोरिया ने अधिकारियों की बैठक ली।

- जिला प्रभारी सचिव उर्मिला राजोरिया ने बैठक लेकर बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर प्रत्येक पात्र तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के दिये निर्देश

कोटपूतली। जिला कलेक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को शासन सचिव, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, आरपीजी, मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग एवं जिला प्रभारी सचिव उर्मिला राजौरिया ने बैठक लेकर अधिकारियों के साथ बजट घोषणाओं के क्रियान्वयन एवं विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। जिला प्रभारी सचिव ने विभिन्न विभागों से बजट 2024-25 एवं 2025-26 की घोषणाओं को लेकर चर्चा की और सुनिश्चित किया कि सभी योजनाओं और परियोजनाओं का समय पर और प्रभावी क्रियान्वयन हो।

उन्होंने बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिए कि बजट में घोषित सभी योजनाओं और परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण तरीके से पूरा किया जायें। उन्होंने कहा कि जनता के हित में कार्य करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिये। इसके लिये सभी विभागों को एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल, एडीएम ओमप्रकाश सहारण, एएसपी वैभव शर्मा, नगरपरिषद आयुक्त धर्मपाल जाट, पीएचईडी के अधीक्षण अभियंता रामनिवास यादव, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता मनोज गुप्ता, पीडब्लयूडी के अधीक्षण अभियंता रामावतार कुमावत, सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत, संयुक्त निदेशक कृषि महेंद्र जैन सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

बजट घोषणाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर गंभीर है राज्य सरकार - जिला प्रभारी सचिव उर्मिला राजौरिया ने अधिकारियों से कहा कि वे अपने-अपने विभागों में बजट घोषणाओं के अनुसार काम में तेजी लायें एवं किसी भी प्रकार की देरी या अड़चनों को तुरंत सुलझाने का प्रयास करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए की बजट घोषणाओं की क्रियान्विति व सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ हर पात्र तक पहुंचाने को प्राथमिकता दे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री का यही विजन है कि सभी बजट घोषणाओं को धरातल पर जल्द से जल्द उतारा जायें। जिला प्रभारी सचिव ने पूर्व बजट 2024-25 की क्रियान्विति की समीक्षा करते हुये पीएचईडी के अधिकारियों को गर्मी के मौसम को देखते हुये पर्याप्त पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और आवश्यक कार्यवाही एवं सुधार अग्रिम रूप से करने के निर्देश दिये। ताकि आमजन को गर्मी में पेयजल को लेकर किसी भी तरह की परेशानी का सामना ना करना पड़े। उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत किए जा रहे जल कनेक्शन कि प्रगति की समीक्षा करते हुए लक्ष्यानुरूप कार्य में गति लाने को कहा। उन्होंने सीएमएचओ को निर्देशित किया कि सभी चिकित्सा संस्थानों में मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवाने के लिए आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण एवं पर्याप्त चिकित्साकर्मियों की उपलब्धता सुनिश्चित करें। उन्होंने पावटा चिकित्सालय में निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के बारे में बताते हुए सुधार के निर्देश दिए।

फागोत्सव के साथ मनाया जायेगा हिंदू नववर्ष

कोटपूतली। गौ सेवार्थ सुंदरकांड व संकीर्तन समिति द्वारा रविवार 30 मार्च को हिंदू नववर्ष व प्रभु श्रीराम का राज्याभिषेक दिवस भव्य संकीर्तन व फागोत्सव के साथ मनाया जायेगा। समिति के संयोजक जितेन्द्र जोशी ने बताया कि इसी दिन भगवान श्रीराम का राज्याभिषेक व ब्रह्मा जी द्वारा सृष्टि की रचना हुई थी। नवरात्रि स्थापना के उपलक्ष्य में समिति के तत्वाधान में कस्बे के श्री राधा गोविंद संतोषी माता मंदिर मौहल्ला सराय प्रांगण में हिन्दू नववर्ष धूमधाम के साथ मनाया जायेगा। जिसमें मंदिर प्रांगण में विशेष सजावट कर समिति द्वारा भव्य संकीर्तन व फागोत्सव मनाकर प्रभु को रिझाया जायेगा। जिसमें ठाकुर जी के साथ फूलों की होली खेली जायेगी। इस अवसर पर समिति व स्थानीय कलाकारों द्वारा मंदिर प्रांगण में भजनों की प्रस्तुति दी जायेगी। समिति अध्यक्ष रजत जिंदल ने बताया कि कार्यक्रम सायं 07 बजे से प्रभु इच्छा तक रहेगा। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन हुआ। जिसमें सीताराम अग्रवाल, रमेश सवाईका, विश्वनाथ सोनी, मनोज अग्रवाल, दिनेश शर्मा, विनोद जोशी, जितेन्द्र जोशी, गिरीश गुप्ता, अभिषेक चतुर्वेदी, प्रदीप अग्रवाल, रजनीश गोयल, करण सवाईका, कमल शर्मा समेत अन्य मौजूद रहे।

17 अप्रैल तक कराई जा सकती है आपत्ति दर्ज

खैरथल। खैरथल तिजारा जिले में स्वायत शासन विभाग, राजस्थान जयपुर द्वारा जारी विभिन्न अधिसूचनाओं के अंतर्गत नगर परिषदों और नगर पालिकाओं का पुनर्गठन और सीमांकन प्रक्रिया पूर्ण कर वार्ड सीमांकन के लिए सार्वजनिक आपत्ती नोटिस जारी कर 17 अप्रैल तक जनसाधारण से आपत्तियां प्रस्तुत करने हेतु सार्वजनिक नोटिस जारी किए है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले की नगर परिषद भिवाड़ी, नगर परिषद खैरथल, नगरपालिका मुण्डावर, नगर पालिका कोटकासिम, नगर पालिका टपूकड़ा, नगर पालिका किशनगढ़बास के वार्ड सीमांकन का प्रस्ताव जारी किया गया है।

जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि उपरोक्त नगर परिषदों और पालिकाओं के वार्ड गठन के प्रस्ताव के संबंध में दिनांक 28 से 17 अप्रैल 2025 तक जनसाधारण से आपत्तियां

आम सूचना जरिये अधिवक्ता मेरे अभिभाष्य श्रीमती सन्तोष निर्वाण व श्रीमती ललिता निर्वाण स्थायी निवासी जयपुर/वर्तमान निवासी अजमेर द्वारा आम सूचना दी जा रही है जिसके अनुसार इनके पिता श्रीमान दुर्गालाल मादर का निधन 09.09.2015 व इनके एकमात्र भाई दौलत सिंह का निधन 14.08.2022 को हो चुका है पिताजी के पास धानका बस्ती सीताबाड़ी झोटवाड़ा जयपुर 302012 मे लगभग 143 वर्गगज दो मंजिल सम्पूर्ण निर्मित मकान है वर्तमान मे पिताजी व भाई के देहान्त के पश्चात यह दोनो पुत्रिया/बहने एकमात्र मालिक/स्वामी काबिज है। इस सम्पत्ति से संबंधित किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस मे आकर ऑफिस मे संपर्क करें। अन्यथा 07 दिवस के पश्चात किसी भी प्रकार से किसी का हक/अधिकार कोई भी दस्तावेज/आपत्ति मान्य नही होगी।
विक्रम वर्मा, एडवोकेट, मो. 9414782785

आम सूचना
मैं कि मुकेश बाबू शर्मा पुत्र श्री ज्योतिराम शर्मा जाति ब्राह्मण निवासी रूंधिया नगर भरतपुर राज० का हूं। मैं शपथ पूर्वक बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र सुधीर कुमार शर्मा जो गलत संगति में पड़ गया है मेरा व मेरी पत्नी का कहना नहीं मानता है ये गलत संगत में रहता है इसने मेरा व मेरी पत्नी मधु देवी का जीना हराम कर रखा है एवं मेरा पुत्र सुधीर कुमार शर्मा मेरे कब्जे से बाहर है। भविष्य में मेरे पुत्र सुधीर कुमार शर्मा से कोई भी व्यक्ति या महिला लेनदेन करेगा या मेरे पुत्र को कोई कर्ज बतौर रुपया देगा तो उसकी जिम्मेदारी मेरी व मेरी पत्नी व मेरे दो अन्य पुत्र सचिन कुमार शर्मा व सुमित कुमार शर्मा की नहीं होगी। इसकी जिम्मेदारी देनदार की होगी अगर मेरा पुत्र सुधीर कुमार शर्मा कोई भी गलत कार्य करता है तो पुलिस थाना व कोर्ट कचहरी में मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं है। आज के बाद मैं अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति में से अपने एक पुत्र सुधीर कुमार शर्मा को बेदखल करता हूँ मेरा व मेरी पत्नी मधु देवी व मेरे अन्य पुत्रों का मेरे पुत्र सुधीर कुमार शर्मा से आज के बाद कोई संबंध सरोकार नहीं है।

खोया पाया
भूखंड संख्या 31 एवं 32 योजना श्रीराम विहार आशिष बिल्डकॉर्न प्रा.लि. जयपुर का पुनर्गठन उपविभाजन पत्र क्रमांक जविप्रा/जोन-9/2012/डी-2775 दिनांक 11.05.12 तथा भूखंड संख्या 32 का पुनर्गठित स्थल मानचित्र SKIT कॉलेज जगतपुरा से गोपालपुरा पर खो गया संपत्ति मालिक का नाम आदित्य कुमार शर्मा-9314571873
मेरे मकान 6/233 मालवीय नगर का मूल पावर ऑफ अटॉर्नी, नोड्यूज मालवीय नगर में कहीं गिर गए है। मिलने पर सूचित करें-9530383744 प्रणय राजन तिवारी

गांव हरिपुरा को ग्राम पंचायत झिलाय में ही यथावत रखने की मांग

- ग्रामीणों के समस्त दस्तावेज ग्राम झिलाय के ही बने हुए हैं।

निवाई। गांव हरिपुरा को ग्राम पंचायत झिलाय में ही यथावत रखने की मांग को लेकर सैंकडों ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया को ज्ञापन सौंपा है। ग्रामीण जगदीश, प्रभुलाल, एडवोकेट उम्मेदसिंह, रामप्रसाद, रूपनारायण, मांगीलाल गुर्जर, मदनलाल, सीताराम, नरसी, रामकरण, कैलाश, धोलूराम, गौरव, छोटूलाल बैसला व सीताराम ने बताया कि ग्राम हरिपुरा पंचायत झिलाय में जुडा हुआ है।

परंतु गांव को अन्यत्र ग्राम पंचायत में जोडा जा रहा है। जबकि हमारा गांव हरिपुरा जो पूर्व में झिलाय की ही एक ढाणी था। बाद में इसको राजस्व गांव बना दिया गया है। जो कि झिलाय से मात्र 1 किलोमीटर दूर है। हमारे पूर्वजों की जमीन मंदिर आदि ग्राम झिलाय मे जुडे हुए हैं। गांव हरिपुरा झिलाय का ही अभिन्न अंग है। गांव के ग्रामीणों के समस्त दस्तावेज ग्राम झिलाय के ही बने हुए हैं। गांव का झिलाय पटवार क्षेत्र में ही लगता है। ग्राम पंचायत झिलाय से हटाया जाता है तो ग्रामीणों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

अगर हरिपुरा को झिलाई पंचायत से हटाया जाता है तो समस्त ग्रामवासियों द्वारा उठा आंदोलन किया जाएगी और ग्रामीणों द्वारा वोटिंग का भी विरोध किया जाएगा।

श्रीमाधोपुर में गणगौर महोत्सव की धूम

श्रीमाधोपुर कस्बे व क्षेत्र के आसपास घर-घर में पूजन व पारंपरिक गीतों का दौर,जारी है। धुलंडी के दिन से गणगौर पूजन उत्सव का आगाज हो चुका था।। शहर में घर घर गणगौर की भक्ति में डूबा हुआ है। महिलाएं पारंपरिक गणगौरी गीतों का गायन कर रही हैं। साथ ही गणगौर माता को जल पिलाने वाली परंपराएं चल रही हैं। महिलाएं एवं युवतियां मंदिरों, पानी टंकियों आदि में गणगौर माता को सुबह शाम पानी पिलाने जाती है । देर शाम को घुडला घुमाने की प्राचीन परंपरा का पालन किया जा रहा है। इस दौरान युवतियां मिट्टी के घुडले में जलता दीपक रखकर घर-घर जाती हैं। गीतों के माध्यम से परिवारों की मंगल कामना करती हैं। परिवारजन भी इन युवतियों को शगुन के रूप में नकद राशि भेंट कर रहे हैं।

लोकगीतों की गूंज से समां बंधा

दौसा। देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान द्वारा आज राजस्थान दिवस के उपलक्ष्य में भव्य गणगौर उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा पहनकर सहभागिता की। आयोजन में लोकगीतों की गूंज ने समां बांध दिया। इस सांस्कृतिक आयोजन में नगर परिषद सभापति कल्पना जैमन मुख्य अतिथि रहीं, जबकि लक्ष्मी रेला महिला जिला भाजपा अध्यक्ष, भावना सैनी पूर्व समाज कल्याण बोर्ड सदस्य, मनीषा जैमन शिक्षा अधिकारी, डिंपल वधावन अध्यक्ष, इनरव्हील क्लब दौसा, ऊर्मिला जोशी प्रदेश अध्यक्ष, परशुराम सेना महिला वाहिनी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। कार्यक्रम की अध्यक्षता समाजसेवी एवं पूर्व शिक्षा अधिकारी सुशील शर्मा ने की।

कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन, पुष्पमाला एवं गणगौर माता के वंदन गीतों के साथ हुआ। देवगिरि साहित्य एवं शोध संस्थान की अध्यक्ष डॉ. निर्मला शर्मा ने बताया कि राजस्थान दिवस पर राजस्थानी संस्कृति ,लोक भाषा तथा लोकगीतों की धरोहर को सहेजते हुए गणगौर पूजन के माहौल में गणगौर उत्सव मनाकर अपनी संस्कृति एवं भाषा को सम्मान दिया गया। आयोजन में सभी महिलाओं ने सोलह श्रृंगार के साथ राजस्थानी परिधान पहने। रत्ना गुप्ता,चित्रा शर्मा, शीला शर्मा,शीतल,कीर्ति,संतोष, शशि, ममता, के द्वारा राजस्थानी भाषा में गणगौर के गीत गाएं गए। आयोजन में सामूहिक रूप से नृत्य किया गया। मुख्य अतिथि कल्पना जैमन ने अपने उद्बोधन में सभी को हिंदू नववर्ष, गणगौर तथा राजस्थान दिवस की शुभकामनाएं प्रदान की और कहा कि अपनी संस्कृति को संजोने वाले आयोजन अपने प्रदेश की गरिमा को उन्नत करते हैं। सभी महिलाओं के साथ उपस्थित अतिथियों द्वारा नृत्य किया गया। विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी रेला ने कहा कि त्योहार एवं उत्सव जीवन को जीवंत बना देते हैं। इनका आयोजन उत्साह भरता है। वहीं आयोजन में विशिष्ट रंग जमाने वाली भावना सैनी ने अपने प्रदेश के लोकनृत्य एवं लोकभाषा को अधिकाधिक अपनाने पर बल दिया। अध्यक्षीय उद्बोधन में शिक्षाविद एवं समाजसेवी सुशील शर्मा ने देवगिरि संस्थान एवं अध्यक्ष डॉ निर्मला शर्मा को सफल आयोजन की बधाई देते हुए वर्तमान समय में आयोजन के महत्व को समझाया।

नाम परिवर्तन
मेरी 10वीं की अंकतालिका में मेरा नाम नरेन्द्र (Nariender) कुमार सैनी, पासपोर्ट में पिता का नाम Satya Pal Saini सतपाल दर्ज है जो गलत है जबकि सही नरेन्द्र सैनी (Narendra) एवं पिता का नाम सतपाल (Satpal) सैनी निवासी 40, जुगराज अपार्टमेंट, शिव शंकर कॉलोनी, गोपालपुरा बाईपास जयपुर-302019 है।
मैं आर्मी नंबर JC775363X सुबेदार अमीचन्द कुडी यूनिट LRW 199 MED REGT मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम अनुष्का कुमारी गलत दर्ज है उसका सही नाम अनुष्का है। शपथ पत्र संख्या IN-RJ 9724901055831 3X दिनांक 19.03.2025
मैं आर्मी नंबर JC775363X सुबेदार अमीचन्द कुडी यूनिट LRW 199 MED REGT मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी बेटी का नाम अंजली कुमारी गलत दर्ज है उसका सही नाम अंजली है। शपथ पत्र संख्या IN-RJ 97249665180509X दिनांक 19.03.2025
मैं आर्मी नंबर JC775363X सुबेदार अमीचन्द कुडी यूनिट LRW 199 MED REGT मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम सजना गलत दर्ज है उसका सही नाम सजना देवी है। शपथ पत्र संख्या IN-RJ 97250349329004X दिनांक 19.03.2025
I army no Jc 470045L Ex sub hony CAP indraj singh S/O Jai Narain R/O ward no 4 uparala bass teh neem ka thana sirohi district sikar that have changed my father/ mother name is wrong entered in service record from JAI NARAIN (DOB 20/8/1947) To JAY NARYAN (DOB 1/1/1951) & mother BARJI DEVI (DOB 20/8/1949) To BARJI (DOB 1/1/1943) vide affidavit dated 17 /3/25 before sub division majistrate neem ka thana sikar
I Army no 14829156X Ex Hav Chander bhan S/O Rajendra Singh R/O village khidarsar post chandwa dist jhunjhunu that have changed my father name in my service record from RAJENDRA SINGH To RAJENDRA KUMAR vide affidavit dated 23 march 2025 before district notary Jaipur
I Seema KANWAR legally daughter of navy no 87683 Rank Ex po Jai singh Rathore S/O Mangilal singh rathore R/O 14 Kailash nagar jhotwara Jaipur that have changed my name in my father service record from SEEMA KANWAR TO SEEMA RAJAWAT vide affidavit dated 26 march 2025 before district notary Jaipur
I service no 14829936H Ex Hav Bhanwar Lal Ola S/O bhinwar Ram Ola R/O 2 deep vihar Vinayak enclave govindpura jaipur that have changed my father name in my service record which wrong entered from BHINWAR Ram Ola (DOB 1/7/1958) TO BHIVA RAM (DOB 1/1/1959) vide affidavit dated 12 march 2025 before district notary Jaipur

राजस्थान राज्य सहकारी आवासन संघ लि., जयपुर
5वी व 6वीं मंजिल नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल, जयपुर
Phone: 0141-2741805 Email: rsehfjaipur@yahoo.com
क्रमांक-1344/25 दिनांक- 28.03.2025
आम सूचना आवासन संघ की आवासीय योजना सहयोग अपार्टमेंट विद्याधर नगर जयपुर सेक्टर नं. 6 का फ्लैट संख्या टी-1/173-एटीएफ संघ द्वारा श्री राजेन्द्र प्रसाद बैराठी को दिनांक 16.01.1995 में आवंटित किया गया था, जिसे उनके द्वारा जरिये इकरारनामा श्रीमती सुदर्शन कुमारी त्रिहन धर्मपत्नि श्री सोमनाथ त्रिहन को विक्रय किये जाने पर संघ द्वारा उनके नाम उक्त फ्लैट दिनांक 20.04.1999 कोट्रांसफर कर दिया गया था। अब श्रीमती सुदर्शन कुमारी की दोहित्री श्रीमती करीना कपूर द्वारा उनकी नानी द्वारा रजिस्टर्ड उपहार पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत कर उनके स्वयं के नाम उक्त फ्लैट का ट्रांसफर करने हेतु आवेदन किया है। जिस किसी को भी उक्त फ्लैट के ट्रांसफर पर आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर प्रमाण सहित प्रस्तुत करें अन्यथा फ्लैट संख्या टी-1/173-एटीएफ श्रीमती करीना कपूर के नाम हस्तान्तरण कर दिया जावेगा।
(योगेश शर्मा) प्रबंध निदेशक

जयपुर विकास प्राधिकरण
पृथ्वीराज नगर (उत्तर) कार्यालय चित्रकूट स्टेडियम, वैशाली नगर
क्रमांक-जविप्रा/उपा/पीआरएल(उत्तर) द्वितीय/2025/डी-183 दिनांक-28.09.2025
सार्वजनिक सूचना
मित्र गृह निर्माण सहकारी समिति लि. जयपुर की योजना-श्री राम विहार-सी के भूखण्ड संख्या 10वेस्ट पार्ट (क्षेत्रफल 68.16 वर्गगज) के नाम हस्तान्तरण हेतु श्रीमती छोटी गहलोत पत्नी श्री हरदीप सिंह ने आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि उक्त भूखण्ड के स्वामित्व के सम्बन्ध में किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस की अवधि में कार्यालय को आपत्ति प्रस्तुत करें अन्यथा आवेदिका के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण कर दिया जायेगा।
उपायुक्त पीआरएन (उत्तर-द्वितीय)
जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)
कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस
समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को
मुकदमा नम्बर 43/2025
(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)
चूंकि श्री राजेश सवाईका पुत्र श्री रतन लाल सवाईका निवासी 104, राधागोविन्दजी का मंदिर वार्ड नं. 22, मौहल्ला सराय कोटपुतली जिला कोटपुतली-बहरोड ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अन्तर्गत हारे का सहारा ट्रस्ट, राधे गोविन्द जी मंदिर के पास, वार्ड नम्बर 22, मौहल्ला सराय, कोटपुतली, जिला कोटपुतली-बहरोड के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन पत्र दिया है।
अतएवं धारा 18 की उपधारा (2) द्वारा प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यास जिसकी जांच की जा रही है में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करें।
और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच प्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।
आज दिनांक 28.03.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया।
आइदा तारीख पेशी 02.06.2025
मोहर अदालत
सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
www.jda.urban.rajasthan.gov.in
क्रमांक-जविप्रा/उपा/जोन-4/2024/डी-5320 दिनांक-27.03.2025
सार्वजनिक सूचना/विज्ञप्ति
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री मुकेश चौधरी पुत्र श्री गोपाल सिंह के द्वारा मैट्रो एनक्लेव के आवासीय भूखण्ड संख्या 121 का नाम हस्तान्तरण करवाने हेतु आनलाईन आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
प्रकरण में पूर्व में इस कार्यालय द्वारा रामफूल रामगोपाल उर्फ गोपाल रामलाल, चौथू उर्फ रामकिशन पुत्रान रामधन, दिनेश अशोक पुत्रान कानाराम, श्रीमती लक्ष्मा उर्फ लक्ष्मी पत्नी श्री कानाराम, रामसहाय पुत्र श्री छजूराम, श्रीमती उगन्ती देवी, राजवन्ती देवी पुत्रिया रामधन के पक्ष में मैट्रो एनक्लेव के आवासीय भूखण्ड संख्या 121, क्षेत्रफल 162 वर्गमीटर का प्रीहोल्ड पट्टा क्रमांक 3125 दिनांक 06.07.2023 को क्रमांक जारी किया गया, जिसे उप पंजीयक जयपुर-प्रथम के यहां दिनांक 31.07.2023 को पंजीबद्ध करवाया गया। श्री राम सहाय की मृत्यु दिनांक 25.09.2023 को एवं उनकी पत्नी श्रीमती पार्वती की मृत्यु दिनांक 05.04.2022 को जाने के फलस्वरूप उनके विधिक वारिसों में श्रीमती सुनिता मीना पत्नी श्री हनुमान सहाय पुत्री राम सहाय, श्रीमती रेखा देवी मीणा पत्नी श्री राजकुमार मीना पुत्र स्व. श्री राम सहायक द्वारा पंजीकृत हकत्याग पत्र दिनांक 19.06.2024 के आधार पर अपने हक का त्याग आपने भाई श्री हनुमान मीणा पुत्र स्व. श्री राम सहाय मीणा एवं श्री विष्णु मीना पुत्र स्व. श्री राम सहाय मीणा के पक्ष में कर दिया गया।
तत्पश्चात श्री रामफूल पुत्र रामधन, रामगोपाल उर्फ गोपाल पुत्र रामधन, रामलाल पुत्र श्री रामधन चौथू उर्फ रामकिशन पुत्र श्री रामधन, श्री दिनेश पुत्र कानाराम, अशोक पुत्र श्री कानाराम, श्रीमती लक्ष्मा उर्फ लक्ष्मी पत्नी श्री कानाराम,श्री हनुमान मीणा पुत्र स्व. श्री राम सहाय मीणा, श्री विष्णु मीणा पुत्र स्व. श्री राम सहाय मीणा, श्रीमती उगन्ती पुत्र श्री रामधन श्रीमती राजवन्ती देवी पुत्री श्री रामधन द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक 21.06.2024 के द्वारा उक्त भूखण्ड का बेचान श्री मुकेश चोधरी पुत्र श्री गोपाल सिंह के पक्ष में कर दिया गया।
उक्त संबंध में आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं दस्तावेजों के आधार पर आवेदक के पक्ष में उक्त भूखण्ड का नाम हस्तान्तरण पत्र जारी करने की कार्यवाही करने के संबंध में किसी भी व्यक्ति, हितधारी, संस्था को कोई आपत्ति हो तो अधोहस्ताक्षरकर्ता को इस सूचना के प्रकाशित होने के 7 दिवस में प्रस्तुत कर देवे। नियत अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदक के पक्ष में नियमानुसार कार्यवाही कर दी जावेगी।
उपायुक्त जोन-4, जविप्रा, जयपुर

ईद पर होगी अत्यधिक पेयजल आपूर्ति

मालपुरा (निस) ईद के पावन पर्व पर मुस्लिम समाज के लोगो की सुविधा व आवश्यकता को ध्यान मे रखते हुये जलदाय विभाग अधिकारियो ने शुक्रवार को आदेश जारी कर अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति के लिये समय सारणी जारी कर कार्मिको की ड्यूटी लगाई। सहायक अभियंता ज्योति कुमारी चौधरी ने बताया कि एक्सईएन संदीप बाटड के निर्देशो पर 30 या 31 मार्च को ईद के पर्व पर शहरी क्षैत्र मे अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति समय सारणी जारी की गई जिसमे पुरानी टंकी से सप्लाई प्रात: 5 बजे से 6 बजे तक एवं मौहल्ला सादात मे साढे छ: बजे तक बुस्टर सप्लाई,नागोरी मौहल्ला,बडी मस्जिद वाली गली साढे छ: से साढे सात तक धानोता रोड वाली टंकी से प्रात: छ: बजे से सात बजे तक गांधी पार्क वाली टंकी से देशवाली मौहल्ला,ज्योति मार्केट मे छ: बजे से सात बजे तक अतिरिक्त पेयजल आपूर्ति रहेगी। सुचारू पेयजल व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिये सीताराम बैरवा को गांधी पार्क वाली टंकी,घनश्याम शर्मा को बुस्टर सप्लाई,मुकेश शर्मा को सप्लाई की मॉनिटरिंग व रिपोर्ट के लिये।

साइबर ठगी के 84 हजार 999 रूपए परिवादी के खाते में करवाए रिफण्ड

- 86 हजार 597 रूपए का करवाया होल्ड,
- वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा से की गई थी साइबर ठगी

निवाई। पुलिस ने साईबर ठगी के मामले में तत्काल कार्रवाई करते हुए 84 हजार 999 रूपए का परिवादी के खाते मे रिफण्ड करवा दिया और 86 हजार 597 रूपए का होल्ड करवा दिया। थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा ने बताया कि वनस्थली विद्यापीठ की छात्रा कु. कशिश गुप्ता ने मामला दर्ज करवाया था कि उसने अपनी इंस्टाठ्ठाम आईडी पर एक साडी पसंद की और ऑन लाईन आर्डर हेतु वाटस एप पर भेजे गए एक लिंग को ऑपन किया। ऑपन करते ही खाते से साईबर ठग ने 86 हजार 597 रूपए की राशि निकाल ली। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि साईबर क्राईम एक्सपर्ट कानि चेतन कुमार ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए अमेजॉन पे पर राशि को होल्ड करवा दिया। इसके बाद परिवादी के खाते में 84 हजार 999 रूपए रिफंड करवा दिए। थानाधिकारी बैरवा ने बताया कि इसी प्रकार कु. मुनमुन खंगारोत ने 23 मार्च को मामला दर्ज करवाया था कि पंजाब स्टेट डियर होली बंपर 2025 की लॉटरी विजेता बताकर उससे 4 हजार 500 रूपए की रजिस्ट्रेशन फीस व 18 हजार 600 रूपए टीडीएस के रूप में साईबर फ्रॉड करते अपने खाते में डलवा लिए। साईबर अपराधी ने 25 हजार 200 रूपए की और मांग की। इस पर परिवादिया को ठगी का शक होने पर उसने पैसे नहीं डाले और पुलिस थाने में घटना की जानकारी दी। पुलिस ने ठगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि तत्काल कार्रवाई करते हुए साईबर एक्सपर्ट कानि चेतन कुमार ने तत्काल कार्रवाई करते हुए मुनमुन से की गई ठगी की राशि 23 हजार 100 रूपए होल्ड करवा दिए।

रजिस्ट्री शिविर का निरीक्षण

कोटपूतली। ग्राम पंचायत अमाई में आयोजित फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर का राज्यमंत्री राजस्व, जिला प्रभारी मंत्री विजय सिंह ने निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया एवं आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये। उन्होंने सभी डेस्क पर जाकर किसानों को दी जा रही सुविधाओं की जानकारी ली एवं रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी प्राप्त की। उन्होंने शिविर प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिविर में आने वाले पात्र किसानों को कृषि एवं पशुपालन विभाग से जुड़ी समस्त योजनाओं सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाएं और योजना के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान कर हरसंभव सहायता प्रदान की जाए।

उन्होंने शिविर में किसानों के लिए बैठने व पेयजल की उचित व्यवस्था रखने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने फार्मर रिजिस्ट्री शिविर में जिले द्वारा किए जा रहे बेहतर प्रदर्शन के लिए जिला प्रशासन व सम्बन्धित विभागों की प्रशंसा की।

खुदा की ईबादत में झुके हजारों शीश

रमजान के आखरी जुम्मे पर हुई सामूहिक नमाज ।

मालपुरा (निस) खुदा की ईबादत के पवित्र रमजान महिने के आखरी शुक्रवार को शहर की जामा मस्जिद मे मुस्लिम समाज के लोगो ने जुमा तुल विदा की सामुहिक नमाज पढ खुदा की ईबादत मे हजारो शीश झुका मांगी अमन चैन की दुआ। शहर काजी ने जामा मस्जिद मे जुटे हजारो मुस्लिम समाज के लोगो को आखिर जुम्मे की सामुहिक नमाज पढाई। नमाज के बाद नमाजियो ने गरीब व जरूरतमंद लोगो को मस्जिद के बाहर बांटी जकात। वही वक्फ बिल के विरोध मे ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लाबॉर्ड के महासचिव मो. फजलूर द्वारा विडियो जारी देशभर मे मुसलमानो से कलाई पर काली पट्टी बांध जुम्मे की नमाज पढने की कि गई अपील का आंशिक असर देखा गया। नमाज मे शामिल युवाओं ने आंशिक तौर पर कलाई पर काली पट्टी बांध नमाज पढी। रमजान के आखरी शुक्रवार व मुस्लिम पर्सनल लाबॉर्ड महासचिव की अपील को मध्य नजर रखते हुये सुरक्षा की दृष्टि से नमाज के दौरान थानाधिकारी चेनाराम बेडा पुलिस जाप्ते के साथ मुस्तैद रहै। हालांकि पर्सनल लाबॉर्ड की अपील का वरिष्ठ नमाजियो मे कोई असर नही देखा गया।

शोक सन्देश

अत्यन्त दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीय श्रीमती **सन्तोष वशिष्ठ** धर्मपत्नी श्री शक्तिधर वशिष्ठ (चोटिया, निवासी चूड़ी-अजीतगढ़) का स्वर्गवास दिनांक 23.03.2025 को हो गया है।
शोकाकुल- शक्तिधर (पति), डॉ. ओमप्रकाश (जेठ), श्रीधर, सूर्यप्रकाश (देवर) दीपक-अल्का, आशीष-अल्का (पुत्र-पुत्रवधु), सज्जन, अरूण, कमलश, अनिल, सुरेन्द्र (जेठुते), संजय, अंकुर (भतीजे), प्रत्युष, नैतिक (पौत्र),